>

Title: Regarding issues pertaining to Bijnor Parliamentary Constituency of Uttar Pradesh.

श्री मलूक नागर (बिजनौर): अध्यक्ष महोदय, मेरी बिजनौर लोक सभा क्षेत्र देश में अजीब तरह की है, जिसमें तीन कमिशनरीज और तीन जिले पड़ते हैं, इसलिए मुझे तीनों जिलों की बात करनी पड़ती है ।

माननीय अध्यक्ष : पर, आपको बोलने के लिए एक्सट्रा मिनट नहीं मिलेंगे ।

श्री मलूक नागर : महोदय, मेरठ जिले में मवाना से भद्दरकाली तक सड़क बहुत ही खराब है और बहुत छोटी है । उस पर लाखों लोगों का आवागमन होता है, इसलिए उस सड़क का चौड़ीकरण और रिपेयरिंग हो । बिजनौर जिले में चाँदपुर से बास्था तक सड़क का चौड़ीकरण और रिपेरिंग का काम हो । हस्तिनापुर एक ऐतिहासिक जगह है, वहाँ गंगा पर एक पुल बन रहा है, जिसका काम कभी रुक जाता है, कभी चालू हो जाता है । अगर इस पुल का काम जल्दी पूरा हो जाए, तो लाखों लोगों के लिए दूरी में कमी, ट्रैफिक की कमी, तेल कंजम्पशन में कमी से फायदा होगा । मुज़फ्फरनगर में सिकरैड़ा-रजवाहे की पटरी है, उसकी रिपेयरिंग और चौड़ीकरण की भी जरूरत है । इससे लाखों किसानों को फायदा हो सकता है । इसलिए मेरठ, मुज़फ्फरनगर और बिजनौर जिलों में जो जनहित के काम हैं, जिससे लाखों लोगों को फायदा होगा, उनको कराने की कृपा करें ।